स्टेन्डर्ड

हिन्द दर्पण

प्रबन्ध संपादक एम. हसन, मो. 6206694712

तेज खबर पर तेज असर

पेज-11 : शाहिद अफरीदी पीएम मोदी से... | वर्ष : 08 अंक : 181 | बुधवार, 22 मार्च 2023 | मूल्य : 2 रुपया पृष्ठ : 12 | पेज-12 : नाटू नाटू पर डांस करना बहुत...

मौलाना मजहरूल हक टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

हिन्द दर्पण - एम एन आजाद/ तनवीर आलम तन्हा

समस्तीपुर । मंगलवार को शहर के मथुरापुर स्थित मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सस्तीपुर में शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र - छात्रों के द्वारा नेक में उत्कृष्ट योगदान के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 सुरेंद्र प्रताप सिंह तथा मुख्य अतिथि के रुप में इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज आर्ट्स एंड कॉमर्स प्रो0 अशोक कुमार मेहता उपस्थित रहे। इस अवसर पर मिथिला विश्वविद्यालय बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ0 अरविंद मिलन, बीआरबी कॉलेज समस्तीपुर के प्राचार्य प्रो0 बिरेंद्र कुमार चौधरी, महिला कॉलेज समस्तीपुर की प्राचार्य डॉ0 सुनीता सिन्हा, आरएनएआर कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 सुरेंद्र प्रसाद, ओरिएंटल कॉलेज ऑफ एजुकेशन दरभंगा के प्राचार्य डॉ0 जीएम अंसारी, मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अंजुम वारिस, बीबी फातिमा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव अंजुम असगर, मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव मो0 अबू सईद आदि लोग उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के अध्यक्ष मो0 अबू तमीम ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र - छात्रों को मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्र - छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई।